राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–204/2024

राज्यपाल ने बाढ़ पीड़ितों के सहायतार्थ राहत सामग्रियों से भरे वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना किया

पटना, 10 अक्टूबर 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, बिहार राज्य शाखा, पटना की ओर से बाढ़ पीड़ितों के सहायतार्थ राहत सामग्रियों से भरे वाहनों को राज्य के 17 जिलों यथा– सीतामढ़ी, शिवहर, मुजफ्फरपुर, सुपौल, सहरसा, कटिहार, पूर्णिया, पश्चिम चम्पारण, गोपालगंज, वैशाली, पूर्वी चम्पारण, अररिया, खगड़िया, बक्सर, मुंगेर एवं मधेपुरा के लिए राजभवन के मुख्य द्वार से झंडी दिखाकर रवाना किया। राहत सामग्रियों में तारपोलिन सीट, किचेन सेट, हाइजीन किट, प्लास्टिक की बाल्टी, कंबल, चूड़ा एवं सत्तू शामिल हैं।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बिहार के विभिन्न जिलों में उत्पन्न बाढ़ की स्थिति से निपटने एवं बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए सरकार द्वारा काफी प्रयास किये जा रहे हैं। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा भी बाढ़ पीड़ितों की मदद की जा रही है। राज्यपाल ने इस कार्य के लिए इसके पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की प्रशंसा की।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ० बी०बी० सिन्हा सहित विभिन्न पदाधिकारीगण तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

....